## मतदान जागरूकता का संदेश दिया

**डूंगरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत जिले के सुखदेव भाई राउमावि पुनाली में ब्लॉक स्तरीय मतदान जागरूकता स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में दोवड़ा पंचायत समिति विकास अधिकारी मनोहर विश्नोई, तहसीलदार देवीलाल गर्ग, स्वीप प्रभारी भानुप्रताप सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रकाश अहारी,ब्लॉक कोर्डिनेटर घनश्याम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी वैभव त्रिवेदी, प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी दीपिका जोशी, सरपंच अशोका परमार, उप सरपंच पदम सिंह डाबी उपस्थित रहे। मतदान जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक विकास अधिकारी मनहर विश्नोई ने मतदान की शपथ दिलवाई। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं को भाग लेने का आ ान किया। प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी दीपिका जोशी ने बताया कि देशहित में अधिक से अधिक मतदान कर सशक्त भारत के निर्माण अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान जागरूक नागरिक बने। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के अधीनस्थ आने वाले सभी राजकीय व निजी विद्यालय के बालक बालिकाओं ने भाग लिया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# पेसिफिक में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आगाज

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल विवि ,पेसिफिक विवि ,यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में "सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता" पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का पीएमयू के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल, सी ओ शरद कोठारी, चेयरमेन यूनेस्को एमजीआईईपी एवं गौतमबुद्ध विवि ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति डॉ.भगवती प्रकाश शर्मा, पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल, छत्तीसगढ़ के रायपुर के विशारद हॉस्पिटल के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ.पुर्नेन्दू सक्सेना, राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा से डॉ.अनुराग श्रीवास्तव एवं पीएमयू के चेयरमेन के सलाहकार डॉ.ए.पी.गुप्ता ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया।


पेसिफिक मेडिकल विवि में ''सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता'' पर कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के इस अबसर पर पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल ने कहा कि चिकित्सीय क्षेत्र में चिकित्सक को नैतिकता एवं सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। चेयरमेन यूनेस्को एमजीआईईपी एवं गौतमबुद्ध विश्वविधालय ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति डॉ.भगवती प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा एवं प्रयोजन से उपस्थित प्रतिभागियो, संकाय सदस्य आदि को अवगत कराया। उन्होने बताया कि हमारे खानपान का हमारे शरीर के स्वास्थ्य एवं जेनेटिक्स पर खासा प्रभाव पड़ता है एवं हमारी चित्तवृति उसके अनुसार बदलती रहती है। सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं वह प्रकल्प है जहॉ चिकित्सकीय उपचार के साथ साथ मानव मूल्यों एवं संवेदनाओ का समावेश कर पीड़ित को लाभ प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान भैयाजी जोशी अपने विडियों संदेश के माध्यम से इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम के सफल आयोजन के बधाई दी एवं इस प्रकल्प के मूल उद्धेश्य एवं तत्व की विवेचना की ।

कार्यक्रम के दौरान प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्यवक्ता डॉ.पुर्नेन्दू सक्सेना ने अपने व्याख्यान के शीर्षक मॉडर्न मेडिसन एंड ऐनिसेन्ट वैल्यू पर बोलते हुए भारत की प्राचीन चिकित्सकीय प्रणाली एवं वर्तमान चिकित्सा क्षेत्र के बीच सामंजस्य बैठाते हुए विभिन्न उदाहरणों द्वारा सत्यता रूपी परिदृश्य से उपस्थित प्रतिभागियों का अवगत कराया। साथ ही उन्होने कहा कि संस्कार से नैतिक मूल्यों की प्राप्ति होती है। इसलिए प्रत्येक चिकित्सक को जीवन में मूल्यों आधारित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए न की मस्तिष्क में केवल अर्थ कमाने की सोच रखनी चाहिए। मेडिकल विधार्थीयों को सम्बोन्धित करते हुए कहा कि चिकित्सा की पढ़ाई के साथ साथ जीवन मूल्यों कों भी अपनाना चाहिए जिससें मरीज की सही तरीके से सेवा हो सके।

## मोबाइल फ्लैश वाटर रैली निकाली

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविवार को मोबाइल फ्लैश वोटर रैली का आयोजन किया गया। नंदलाल जोशी राउमावि तथा ग्राम पंचायत मोही के सभी कार्मिक, आशा सहयोगिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता, एएनएम पशुधन सहायक ने रैली में भाग लिया। प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल फ्लैश रेली को रवाना किया। जो विद्यालय से प्रारंभ होकर गोविंदपुरा, सदर बाजार, रावली पोल, किर मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, पुर्बिया मोहल्ला, आचार्य निरंजन नाथ चौराहा से होकर ग्राम पंचायत मोही पर पहुंच कर रैली का समापन हुआ। इस दौरान उप प्रधानाचार्य कृष्णगोपाल नंदवाना, अंजना पंचोली, ललित कुमार रावत, मुरारीलाल मीणा, जीतराम मीणा, पूजा ताम्रकार, पुष्पा रेगर, बीएलओ सुपरवाइजर सुरेश कुमार, किर बीएलओ निसार मोहम्मद, प्यारेलाल कुमावत, औंकारलाल पुर्बिया, पंचायत शिक्षक सुरेशचंद्र पुर्बिया, तुलसीराम तेली, आशा सहयोगी वह आंगनवाडी कार्यकर्ता लक्ष्मी सेन, जया सुथार, गंगा रेगर, भारती पुर्बिया, सीमा खटीक, छगन रैगर, लक्ष्मी सेन, पशुधन सहायक गुडिया वर्मा सहित सैकडो मतदाता मौजूद थे।

# पति ने पत्नी की हत्या कर खुद झूला फांसी के फंदे पर

**राजसमंद** (निस)। कांकरोली थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को एक व्यक्ति ने कर्ज से परेशान होकर अपनी ही पत्नी की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर लटक कर आत्म हत्या करने की घटना से सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार कांकरोली के नया बाजार निवासी जसवंत साहू (मेराणिया) (46) पुत्र लक्ष्मण साहू ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जबकि घटना से पहले मृतक व्यक्ति ने अपनी पत्नी मीरा (हेमलता) (43) को गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना से पहले मृतक ने अपने आप को कर्ज से परेशान होने की बात कहते हुए सोमवार सायं 5:27 पर दो वीडियो व कुछ मैसेज समाज के वाट्एसप ग्रुप में भेज दिए। वो विडियो व मैसेज पढक़र समाज के कुछ लोग घर पर पहुंचे तो मृतक जसवंत साहू का शव फंदे पर लटका मिला जबकि उसकी पत्नि हेमलता साहू का शव निचे फर्श पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही कांकरोली थाना अधिकारी हनवंतसिंह सौढा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया। उसके बाद एसपी मनीष त्रिपाठी एएसपी महेन्द्र पारीक, उप अधीक्षक विवेकसिंह राव घटना स्थल पर पहुंचे मामले की बारीकी से तहकीकात करते हुए जानकारी जुटाई। पुलिस ने एमओबी टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। उसके बाद मृतक दपंति के शव को एम्बूलैंस से आरके अस्पताल पहुंचाकर वहां की मोर्चरी में रखवाया। अब मंगलवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम होगा।

## गरीब बालिकाओं के लिए कन्यादान

**डूंगरपुर।** अप्रैल माह में शादियो का मौसम अपने परवान पर है, ऐसे में 21 अप्रैल को हुई चार बालिकाओं के विवाह के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल की वीरा प्रियदर्शना द्वारा कन्यादान की रस्म पूरी कर संबंधित परिवारों को संबल प्रदान किया गया।

वीरा प्रियदर्शना की अध्यक्ष कल्पना दोशी ने बताया की उपरोक्त चारों बालिकाओं में से तीन गरीब एवं निर्धन परिवार से थी जबकि एक बालिका अनाथ थी। विगत दिनों संस्था की जानकारी में लाया गया की उक्त चारो बालिकाओं के परिजनों के पास कन्यादान हेतु पर्याप्त संसाधन नहीं है, ऐसे में वीरा प्रियदर्शना की समस्त सदस्य ने अपने अपने सहयोग से इन चारो बालिकाओं को कन्यादान में चार जोड़ी साडिय़ा, बेडशीट, रसोई के बर्तन का सेट, श्रृंगार का सामान, चूडिया, पेंडल सेट, मांग टीका, चांदी की आदि प्रदान कर कन्यादान की रस्म को पूरा किया।

# प्रदोष महोत्सव पर श्री पीताम्बरा आश्रम में रूद्रार्चन विधान हुआ

**बांसवाड़ा।** श्री पीताम्बरा आश्रम में गायत्री मण्डल की ओर से आयोजित शिव-शक्ति अनुष्ठानों की श्रृंखला में जारी प्रदोष महोत्सव में श्रद्धालुओं ने लोढ़ी काशी की परम्परात शैव उपासना विधाओं का दिग्दर्शन कराकर शिव भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस दौरान् षोड़शोपचारी पूजन-अर्चन के बाद रूद्रार्चन, अभिषेक, शिव महिम्नस्तोत्र, प्रदोष स्तोत्र आदि पाठों के बाद शिव भजनगायन एवं रूद्र आरती विधान हुआ।

आश्रम परिसर में श्री हनुमत्पीठ परिसर में पं. नरेन्द्र आचार्य के आचार्यत्व में रूद्रार्चन अनुष्ठान के अन्तर्गत वैदिक ऋचाओं एवं पौराणिक मंत्रों के साथ पंचदेव,शंख,घण्टा आदि का विभिन्न दिव्य एवं दैवीय दपचारों से पूजन-अर्चन किया गया और साधकों ने समवेत स्वरों में रूद्राभिषेक प्रयोग किया। रूद्रार्चन अनुष्ठान में पं. प्रदीप शुक्ला एवं पं. राजेश त्रिवेदी (छींछ),पं. आशीष पण्ड्या (पिण्डारमा), पं. राकेश शुक्ला,पं. जय रणा, पं. विनय भट्ट,पं. चन्द्रेश व्यास,पं. सुशील त्रिवेदी, चन्द्रशेखर जोशी, अरविन्द पाठक आदि ने रूद्र ऋचाओं का समवेत स्वरों में गान कर वागड़ की पुरातन परम्परा के अनुरूप रूद्राभिषेक का सम्पूर्ण क्रम पूर्ण किया।


श्री पीताम्बरा आश्रम मरूद्र आरती विधान हुआ।

# बेटियों पर हो रही हिंसा व बढ़ते वृद्धाश्रम पर नाटक आयोजित

**डूंगरपुर।** श्री जैन नवयुवक मण्ड़ल के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक निमित आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां नन्ही बालिकाओ ने बेटियों पर बढते एसिड़ अटेक तथा बढते वृद्धावस्था की परम्परा को लेकर जब कटाक्ष सामाजिक तानेबाने पर कसा तो उपस्थित जन समुदाय न केवल भाव-विभोर हो गया, अपितु वर्तमान परिपेक्ष्य में सुधार की आवश्यकता पर भी बल देते हुए बेटियों को जहां आत्मनिर्भर बनाने की बात सामने आई। वही युवाओ को अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध का भान भी कराया।

श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में रविवार रात्रि को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चेम्बर ऑफ कॉमर्स क अध्यक्ष के.के.गुप्ता थे। जब कि अति. विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुख्य लाभार्थी उर्मिला बेन-विजय कुमार मेहता, दिवाकर मेहता, राकेश जैन माथुगामड़ा, सावन सरैया, सौरभ जैन तथा पद्म वोरा के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ। इस अवसर पर नवयुवक मण्ड़ल के अध्यक्ष सुबोध सरैया, महामंत्री नरेश जैन, रोनी मेहता, संकल्प वखारिया, कोषाध्यक्ष हितेश दावडा ने मुख्य अतिथि व इस आयोजन के मुख्य लाभार्थियों का पगडी, उर्पणा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इसके पश्चात सन्मति महिला मण्डल के तत्वावधान में मंगलाचरण के साथ प्रभु की स्तुति की गई। साथ ही इस अवसर पर शासन की शोभा बढाने वाले शासन वीरो का जिन्होंने वर्ष पर्यन्त पाठशाला, विभिन्न आयोजनों में अपना सहयोग, तपस्वी आदि का भी बहुमान किया गया। सांस्कृतिक संध्या के तहत अनुपमा महिला मण्ड़ल, गंभीरा पाश्र्वनाथ महिला मण्डल, अरिहंत महिला मण्डल, आदिनाथ जैन महिला मण्डल, संगम महिला मण्ड़ल तथा त्रिशला महिला मण्डल द्वारा जहां वीर प्रभु की स्तुति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## पानी की किल्लत बढ़ी

**डूंगरपुर।** खेड़ा कछवासा गांव में पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्री के सामने प्रदर्शन किया। लोगों ने कलेक्टर को पानी की समस्या बताई और पीने का इंतजाम करने की मांग की।

गर्मी बढऩे के साथ ही डूंगरपुर पंचायत समिति के खेड़ा कछवासा गांव में पेयजल किल्लत बढ़ती जा रही है। इससे लोगों की समस्या बढ़ गई है। पानी की समस्या से परेशान सर्व समाज के लोग सोमवार को कलेक्ट्री पहुंचे। कलेक्ट्री के सामने प्रदर्शन करते हुए पानी की समस्या बताई। लोगों ने बताया कि गांव के ज्यादातर हैंडपंप, निजी बोरवेल और जलाशय सुख चुके हैं। पिछले एक माह से गांव में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं।

# पृथ्वी दिवस पर नुक्कड नाटक का मंचन

**डूंगरपुर।** स्थानीय विद्यालय गुरूकुल सेन्ट्रल एकेडमी की समस्त शाखाओं में पृथ्वी दिवस अर्थ डे के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आयुवर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संस्था प्रधान संध्या पंण्ड्या ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ स्लोगन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता से हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के लगभग 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी रंग-बिरंगी कलाकारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ पृथ्वी-स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए आकर्षक चित्र बनाए। प्राइमरी वर्ग के कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने जागरूकता रेली वॉक फॉर वॉटर निकाली। संस्था निदेशक सतीश एम.जोशी ने हरी झण्डी दिखाकर रेली का शुभारंभ किया। साथ ही विद्यार्थियों ने सेव ट्री, सेव वॉटर, सेव अर्थ नुक्कड नाटक के माध्यम से पेड-पौधो और पानी का महत्व एवं पानी की बचत के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराया। प्राइमरी प्रभारी दिप्ती जोशी ने वर्तमान में धरती के बिगडते स्वरूप और उसके सुधार के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर विद्यार्थियों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किये। प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को प्रकृति की निकटता अनुभव कराने के लिए विद्यालय के बगीचों में भम्रण कराया गया।

## बालकों को अनुशासित दिनचर्या में रहने की दी सीख

**राजसमंद।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल ने जिला मुख्यालय स्थित बाल संप्रेक्षण गृह व किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गृह में निरूद्ध बालकों को अनुशासित दिनचर्या में रहने, अच्छा नागरिक बनने, जीवन में सुधार करने एवं रचनात्मक कार्य करने की सीख दी।

जिला प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने देवथडी स्थित किशोर न्याय बोर्ड एवं संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध समस्त बालकों से वार्ता कर बालकों को जीवन में सुधार लाते हुए अच्छी पुस्तक पढने, विद्या अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। गृह के बालकों द्वारा बनाई गई पेंटिंग व पोस्टर की प्रशंसा की। काछवाल ने गृह में निरुद्ध बालकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए गृह में नियुक्त शिक्षक से वार्ता कर बालकों के शिक्षा के स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए शिक्षक को प्रत्येक बालक पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हुए उसे शिक्षा की ओर ले जाने सहित महापुरुषों के जीवन मूल्यों को जीवन में उतारने बालकों से महापुरूषों की जीवनी एवं शिक्षाप्रद कहानियों के वाचन करवाने के निर्देश प्रदान किए। किशोर गृह में आवासरत एक बालक के परिवारजनों का पता लगाने एवं इस बालक को शिक्षा से जोडने के लिए भी विशेष बल दिया।

# देश का हर व्यक्ति मोदी को तीसरी बार देश की कमान सौंपने को तैयार

**निम्बाहेड़ा।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा करवाये गए जन कल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र हित के कार्यों से प्रभावित होकर आज देश का हर व्यक्ति मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देश की कमान सौंपने को तैयार है और हमें भी इस महा समर में अपने बूथ पर प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना है।

उक्त विचार भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने निम्बाहेडा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सोमवार को सायं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी श्रीमती विजया रहाटकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ौली, मंचासीन रहे। बैठक के आरम्भ में अतिथियों ने मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया ततपश्चात मुख्य अतिथि का पूर्व विधायक नवलखा एवं उपप्रधान जगदीश चंद्र आंजना ने शॉल एवं उपरना ओढाकर स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्रीमती रहाटकर ने कहा कि पहले चरण में सम्पन्न हुए मतदान में वोटिंग प्रतिशत कम रहने से सबक लेकर 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के दिन हमें प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर अधिक से अधिक के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अपने अपने बूथ पर प्रत्येक नवमतदाता, मातृ शक्ति, साधु संतों सहित प्रभावी मतदाताओं से कम से कम दो बार संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें।

बैठक का संचालन पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत ने किया, वहीं धन्यवाद एवं आभार नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने प्रकट किया। बैठक को विधानसभा संयोजक एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़ आदि ने संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने का आव्हान किया।


भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने निम्बाहेडा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## पैनकार्ड आदि दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**डूंगरपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 26 अप्रैल को मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार पीएसयू सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक-डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## सार-समाचार

### मतदान बढ़ाने के लिए औद्योगिक संस्थानों का साथ

**राजसमंद।** स्वीप के तहत जिला प्रशासन की ओर से अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल के निर्देशन में एडीएम नरेश बुनकर और जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड ने कलेक्ट्रेट में औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में मतदान दिवस पर कार्मिकों को सवैतनिक अवकाश देने और हर कार्मिक को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। औद्योगिक संस्थानों ने भी कहा कि सभी कार्मिकों से वोट अवश्य करवाएंगे और लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी औद्योगिक संस्थानों द्वारा अपनी सजग भूमिका अदा की जाएगी। सभी ने कहा कि कार्मिक चाहे जिले के किसी भी कोने से हो, उसको वोट अवश्य करने की अपील की जाएगी। इस दौरान गजेन्द्र कौशिक, मधूसुंदर व्यास, गौरव राठौड, ललित बछरा, आरके गुप्ता, जिनेश हुम्मड, रवि शर्मा, भीकाराम जटिया, तरुण दक, सुभाषचंद्र वशिष्ट, सुरेश कुमार व्यास, रविकुमार, अमित पगारिया, नाना लाल, रामप्रकाश शर्मा सहित उपस्थित थे।

### नाइट हेरिटेज वॉक में उत्साह

**उदयपुर।** लेकसिटी के समृद्ध शिल्प-स्थापत्य, कला-संस्कृति, बेनजीर परंपराओं के साथ-साथ पाक कला प्रविधियों से देश-दुनिया के साथ साथ शहरवासियों और भावी पीढी को रूबरू कराने के उद्देश्य से नाइट हेरिटेज वॉक व ओल्ड सिटी फूड ट्रेल का आयोजन किया गया। शहर के युवा सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की पहल पर आयोजित इस नाइट हेरिटेज वॉक व ओल्ड सिटी फूड ट्रेल में बडी संख्या में युवा, महिलाएं और कुछ बुजुर्ग भी शामिल हुए। हेरिटेज वॉक के संयोजक तथा युवा प्रतिभावान ब्लॉगर और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर संदीप राठौड ने बताया कि शहर की समृद्ध विरासत से आने वाली पीढी को रूबरू कराने व गौरव की अनुभूति कराने के उद्देश्य से आयोजित यह हेरिटेज वाक जगदीश चौक से प्रारंभ हुई। इस हेरिटेज वॉक में वरिष्ठ गाईड , होटल - पर्यटन और हेरिटेज वॉक स्पेशलिस्ट चिन्मय दीक्षित ने संभागियों को समृद्ध विरासत, शिल्प-स्थापत्य, इतिहास, कला, संस्कृति इत्यादि के बारे में जानकारी देकर उत्साहित कर दिया।

### जागरूकता शिविर आयोजित

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाल विवाह रोको अभियान, पोश अधिनियम के प्रावधानों, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर के बारे में जागरूक किया गया। एडीजे शर्मा ने बताया कि उदयपुर जिले के लीगल लिट्रेसी क्लब स्कूल में भी संबंधित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए और जागरूक किया गया। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार छंगाणी ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताते हुए इसका न्यूनतम उपयोग करने की बात कही। संस्थान की डॉ. पदमा मील, डॉ.सुरेशशर्मा आदि ने भी पशुहित को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश दिया।

### कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा मय कारतूस व कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंहर ासव के सुपरविजन में प्रशिक्षु आईपीएस गोवर्धन विलास थानाधिकारी निश्चय प्रसाद के नेतृत्व में गठित दल ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तलाशी अभियान के दौरान गोवर्धन सागर तालाब रिंग रोड़ क्षैत्र में कार्यवाही करते हुए नवीन सिंह तोमर उर्फ नन्दु पुत्र दिपसिंह तोमर निवासी परिछा थाना माता बसेईया मरैना एमपी हॉल गिलोरी विला, शताब्दी पुरम थाना महाराजपुरा वालियर एमपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक देशी कट्टा मय कारतूस एवं कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

### स्वच्छता का महत्व बताया

**उदयपुर।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों में कार्यरत आशा सहयोगिनियों को विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी का संरक्षण व स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया गया। विशेषज्ञ वीरपाल सिंह राणा ने प्रभावी तरीके से स्वच्छता का महत्व, पोलीथीन का उपयोग नहीं करने, पानी बचाने व पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के परामर्शक ओमप्रकाश शर्मा ने समस्त आशा सहयोगिनियों को इस कार्यक्रम का संदेश ग्रामवासियों तक पहुचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 150 आशा सहयोगिनी, सुनील भण्डारी, हितेष पानेरी, हर्षवर्धन, कमल माली आदि उपस्थित रहे।

### जयराम रमेश उदयपुर में

**उदयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजसभा सांसद कांग्रेस मिडीया विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश 23 अप्रेल मंगलवार को प्रात: 7 बजे बेंगलोर से हवाई जहाज द्वारा रवाना होकर प्रात: 9 बजे उदयपुर के महाराणा प्रताप डबोक हवाई अड्डे पहूंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि जयराम रमेश 11बजे पत्रकारों से वार्ता करेंगे एवं 1 बजे शोभागपुरा सर्कल में कांग्रेस पदाधिकारीयों से बात करेंगे एवं 3 बजे हवाई जहाज द्वारा दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे। जयराम रमेश के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता डॉ. रीतु चैधरी भी आएंगी।

### गैग रेप का मामला दर्ज

**उदयपुर।** शादी में जाते समय युवती को रोक उसके साथ गैंग रेप करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी पिन्दु पुत्र नाना, मनोज पुत्र दिनेश तथा दिलिप पुत्र कालू निवासी दौलपुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 19 अप्रेल को गांव से मेरी पुत्री अन्य सहेलियों के साथ शादी समारोह में पैदल जा रही थी। जहां बीच रास्ते मै मिले आरोपी मेरी पुत्री को एंकांत में ले गए। जहां सभी ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म कर छोड़ कर फरार हो गए। इसका पता चलने पर पुत्री ने पूछताछ में घटना की जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर।** महिला का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी राकेश कुमार कटारा पुत्र शांतिलाल निवासी बेडा राणी पहाड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 12 अप्रेल को पैदल जाते समय आरोपी अपहरण कर मुझे अपने साथ ले गया। जहां से मेरे रिश्तेदार के वहां मिलने के बाद उसके घर ले गया तथा चार दिन तक बंधक बनाया रखा तथा इस दौरान आरोपी ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मौका मिलने पर घर लौट कर परिजनों को आपबीती बता कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच बावलवाड़ा थानाधिकारी कर्णवीरसिंह कर रहे है।

### अधिकारियों की बैठक आज

**डूंगरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 को सफलापूर्वक सम्पन्न कराए जाने के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक 23 अप्रैल को दोपहर 1 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के ईडीपी सभागार में आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुलराज मीणा ने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन से संबंधित स्टाफ के साथ एवं समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी अपने प्रकोष्ठ से संबंधित अब तक किए गए कार्य योजना के साथ उपस्थित होने के निर्देश प्रदान किए हैं।

### वोट मित्र कार्यक्रम 23 को

**उदयपुर।** मतदान दिवस को मतदाता की चुनाव शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य एवं जिला मुख्यालय, उपखण्ड मुख्यालय एवं बूथ स्तर पर सतरंगी सप्ताह मनाया जा रहा है। स्वीप के सह प्रभारी सीपीओ पुनीत शर्मा ने बताया कि सतरंगी सप्ताह अंतर्गत 23 अप्रेल को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गार्डन में वोट मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसकी थीम लाल रंग रची गई है।